Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

Title: Need to provide budgetary allocation for the pending railway projects in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): महोदय, रेवाड़ी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार, रतनगढ़-डेगाना, गंगानगर-जयपुर, रेलमार्ग के आमान परिवर्तन की मांग वर्षों से की जा रही है। रेवाड़ी से सादुलपुर व सादुलपुर से हिसार रेलमार्ग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति 8 वर्ा पूर्व जारी की गई थी। लेकिन बजट के प्रावधान पूरा नहीं होने के कारण ये कार्य आज भी लम्बित हैं। आमान परिवर्तन में इस क्षेत्र की ओर उपेक्षा की गई है। इस सम्बन्ध में राजस्थान के सांसदों, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने काफी ज्ञापन दिये हैं। माननीय रेल मंत्री महोदय से काफी बार व्यक्तिगत मिलकर इस संबंध में आमान परिवर्तन की मांग की गई है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकले।

कृपया चालू बजट में रेवाड़ी से सादुलपुर व सादुलपुर से हिसार मार्ग के आमान परिवर्तन के लिए सम्पूर्ण राशि उपलब्ध करवाते हुए शेा बचे हुए भाग सादुलपुर से बीकानेर व रतनगढ़ से डेगाना के आमान परिवर्तन की स्वीकृति जारी कर राहत प्रदान करने की कृपा करें।